<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

**तिथि 20 मई 2026** **समय 18:10**

**मुख्य समाचार :-**

- **सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना 2027 के तहत जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 30 किसानों के खातों में भावांतर भरपाई योजना के तहत 1 करोड़ 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की।**
- **मुख्यमंत्री ने विश्व मधुमक्खी दिवस पर 11 प्रगतिशील मधुमक्खी पालकों को 11-11 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।**
- **हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अंबाला में प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों को उनकी जायज मांगे मानने का आश्वासन दिया।**
- **मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भीषण लू की स्थिति को लेकर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया।**

**********************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना 2027 के तहत जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दी। अदालत ने कहा है कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों के कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आंकड़े एकत्र करने में कोई बुराई नहीं है और मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज 30 किसानों के खातों में भावांतर भरपाई योजना के तहत 1 करोड़ 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की। उन्होंने 11 प्रगतिशील मधुमक्खी पालकों को 11-11 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और बागवानी विभाग द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये किलो तय किया गया है। इससे अब किसान को एक निश्चित आय की गारंटी मिली है। वे विश्व मधुमक्खी दिवस पर हरियाणा उद्यान विभाग द्वारा पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मधुमक्खी पालकों को अनिश्चितता और बाजार के उतार-चढाव से राहत दिलाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा मधुमक्खी पालन को भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है।

उन्होने कहा कि इसके अलावा मधुमक्खी पालकों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मधुमक्खी पालन को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मधुमक्खी पालन नीति के तहत वर्ष 2030 तक मधुमक्खी पालकों की संख्या बढ़ाकर 7 हजार 750 करने और शहद उत्पादन 15 हजार 500 मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा गया है।

मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी के बक्सों, कॉलोनियों और उपकरणों पर 85 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन को व्यावसायिक ढंग से चलाने में सहयोग करने के लिए कुरूक्षेत्र के रामनगर में इजरायल की तकनीक पर आधारित देश का पहला एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केन्द्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र में किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें शहद व्यापार केन्द्र भी स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर लगभग 800 टन शहद का व्यापार हो चुका है।

उन्होने बताया कि राष्ट्रीय मधुक्रांति पोर्टल पर हरियाणा के 3 हजार से अधिक मधुमक्खी पालक रजिस्टर्ड हैं। मधुमक्खी पालकों के रजिस्ट्रेशन करवाने में हरियाणा राज्य प्रथम स्थान पर है।
इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए मधुमक्खी पालकों द्वारा शहद और शहद से बने उत्पादों के स्टाल का अवलोकन किया।

इससे पूर्व, हरियाणा के कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने शहद उत्पादको को भावांतर भरपाई योजना का लाभ देने को लेकर कहा-

*******************************************************************

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने आज राज्य के श्रमिकों एवं श्रम-नियोक्ताओं को आधुनिक डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए “श्रममित्र” ऐप का शुभारंभ किया।

श्री विज ने बताया कि यह ऐप डिजिटल क्रांति के तहत विकसित किया गया एक अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म है, जो श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच सीधा, पारदर्शी और त्वरित

संपर्क स्थापित करेगा। यह ऐप हिन्दी, अंग्रेजी और पंजाबी - तीन भाषाओं में संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक एवं नियोक्ता सरलता से इसका लाभ उठा सकें।

श्री विज ने कहा कि “श्रममित्र” ऐप दैनिक रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए एक प्रकार से “इलेक्ट्रॉनिक एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज” के रूप में कार्य करेगा और आने वाले समय में पारंपरिक लेबर चौक व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। श्रमिकों को काम की तलाश में घंटों लेबर चौक पर खड़ा रहने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे घर बैठे अपने मोबाइल फोन के माध्यम से रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

*********************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज अंबाला में प्रदर्शन कर रहे बिजली कर्मचारियों को उनकी जायज मांगे मानने का आश्वासन दिया। श्री अनिल विज उनके पास खुद ज्ञापन लेने पहुंचे और कर्मचारियों ने मंच से ऊर्जा मंत्री के हक में नारे लगाए।

मीडिया से बातचीत में श्री अनिल विज ने कहा -

श्री विज ने कहा कि उनकी मांगों को पूरा करने की पूरी कोशिश की जाएगी। कुछ को पूरा करने के लिए वे काम शुरू कर चुके हैं और कुछ को पूरा करने के लिए वे और जोर लगाएंगे।

**************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के आह्वान पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के विरोध में रोष मार्च निकाला। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया।

काँग्रेस ने जींद में भी आज इन्ही मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

*********************************************************************

मौसम विज्ञान विभाग ने नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग के चंडीगढ़ केंद्र के निदेशक सुरिन्दर पाल ने बताया कि आने वाले दिनों में थोड़ी बहुत राहत मिल सकती लेकिन अभी लू का चलना जारी रहेगा।

********************************************************************